**Regarding four laning of Bhilwara ? Shahpura ? Jahazpur ? Deoli road in Rajasthan-Laid**

श्री दामोदर अग्रवाल **(**भीलवाड़ा**) :** मै भारत सरकार से मांग करता हूँ कि भीलवाड़ा-शाहपुरा-जहाजपुर-देवली रोड़, जिसकी लंबाई 95 किलोमीटर है, वो दो लेन से बढ़ाकर चार लेन किया जाए । इस रोड पर अप्रैल व जुलाई 2024 में किए गए ट्रैफिक सर्वे में औसतन प्रतिदिन 12,072 यात्री कार तथा 2706 वाणिज्यिक वाहन चलने की बात सामने आई है जबकि मंत्रालय के आदेश के तहत जिस रोड़ का औसतन प्रतिदिन 10,000 यात्री कार इकाई द्वारा प्रयोग किया जाता है उस 2 लेन के रोड को 4 लेन में परिवर्तित किया जा सकता है । भीलवाड़ा लोक सभा राजस्थान का एक बड़ा इंडस्ट्रियल हब है जोकि अपने वस्त्र और मिनरल उद्योग के लिए विश्वविख्यात है । इस रोड के 4 लेन हो जाने से भीलवाड़ा, टोंक रोड के माध्यम से जयपुर से ज्यादा बेहतर तरीके से कनेक्ट हो जाएगा और एन. एच. 48 पर भी ट्रैफिक का दवाब कम होगा, साथ ही पूर्वी राजस्थान से मेवाड़ क्षेत्र को आने वाले वाहनों को भी सुगमता बढ़ेगी ।